# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है रंगों का त्योहार होली : धार्मिक नगरी अयोध्या, काशी और मथुरा में रंगोत्सव की धूम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभा यात्रा में हुए शामिल : कहा– सनातन धर्म जैसे पर्व–त्योहार की समृद्ध परम्परा दुनिया में कहीं और नहीं।
3. होली पर्व मनाकर अपने–अपने गंतव्य को वापस जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने किये विशेष प्रबंध।

और

4. सरकार ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 से पहले क्रिएटर्स इकोनॉमी के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की।

---

रंगों का त्योहार होली आज प्रदेश भर में पारम्परिक उत्साह और धूम–धाम से मनाया जा रहा है। यह रंगोत्सव वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। कल होलिका दहन क साथ ही इस रंग पर्व की शुरूआत हो गई थी। आज सुबह बच्चों और युवाओं की टोलियां रंग–गुलाल और अबीर लेकर अपने–अपने घरों से निकल पड़ीं तथा एक दूसरे को रंग लगाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनायी।

धार्मिक नगरी अयोध्या, मथुरा और काशी में रंग पर्व का उत्साह चरम पर है। अयोध्या में सुबह श्री रामलला के श्रृंगार के बाद लोगों ने होली खेलने की शुरूआत की।

और विवरण हमारे प्रतिनिधि से...

*केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से सजी संवरी अयोध्या इस होली पर खूब इठलाई,विशेष आकर्षण का केंद्र भगवान राम लला रहे,जिनका भक्तों ने होली खेलते स्वरूप में दर्शन किया और निहाल हो उठे,कारण कि आज सुबह रामलला को श्रंगार के बाद गुलाल लगाने के साथ ही पिचकारी धारण कराई गई, साथ ही विशेष व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया,दूसरे पहर रामलला के दरबार में संगीत की महफिल जमीं और तुलसीदास के रचित बसंत के गीतों की धुन पर पुजारी जमकर थिरके और 10 कुंतल फूल रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओं पर बरसाए गये, इसके अतिरिक्त अयोध्या के 10000 मंदिरों में भी यही दृश्य रहा,जहां मंत्रोच्चारण के साथ विग्रहों को नए वस्त्र धारण कराकर विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया और फिर साधु,संत और भक्तों ने अपने आराध्य से फूलों की होली खेली,तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

उधर शिव नगरी काशी में परम्परागत रंगोत्सव की धूम रही। बाइट...

*काशी की रंग तरंग और भंग की होली हर्षो उल्लास और फगुआ के गीतों के बीच संपन्न हुई काशी के लगभग प्रत्येक घाट पर युवाओं की टोली जहां पर रंगों के त्यौहार को जीने की कोशिश कर रही थी वहीं पर गोदौलिया चौराहे पर स्थानीय निवासियों की मस्ती बरबस लोगों का ध्यान खींच रही थी। लोग तेज आवाज में गीतों पर नृत्य करते हुए गीतों की लडिया पिरो रहे थे। विभिन्न मंदिरों में साधु संन्यासियों ने भी होली खेली तो वहीं बाबा विश्वनाथ को कचनार के फूलों से बने गुलाल अर्पित किए गए। रंगों का यह त्यौहार दोपहर तक चला इसके पश्चात लोग अपने घरों को वापस होगए। आकाशवाणी समाचार के वाराणसी से मनीष सिंह।*

समूचा ब्रज मंडल रंगोत्सव में डूबा हुआ है। देश आर विदेश से आये श्रद्धालु होली का आनंद ले रहे हैं। एक रिपोर्ट..

*समूचा बृजमण्डल में आज होली पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया, मुख्य रूप से होली का धमाल भगबान कृष्ण की जन्मभूमि, वृन्दाबन के विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेविहारीजी मंदिर प्रमुख मंदिरो में देश–विदेश आये लाखो श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल के रंगो में सराबोर हो गए, चहुओर होली का आनंद रस बरसा। जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंजाम रहे है। मुहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

वहीं पीलीभीत जिले में होली मनाने के विविध रंग देखने को मिलते हैं। यहां गालियां देकर फगुआ वसूलने की अनूठी परम्परा साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल बनी हुई है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से...

*पीलीभीत में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह होलिका पूजन के बाद रंग खेला गया और दोपहर से होली मिलन का क्रम जारी है। शेरपुर में होलियारियों ने गालियां देकर मुस्लिम भाइयों से फगुआ वसूला तो घुमचाई क्षेत्र में कपड़ा फाड़ होली खेली गई। नेपाल सीमा पर बसे थारू अपने अंदाज में होली मना रहे हैं, तो जिले में रह रहे बंगाली व पूर्वांचलवासी भी होली के रंगों में सराबोर हैं। कल माधव टाण्डा में महिलाओं की होली होगी। सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार पीलीभीत।*

बाराबंकी जिले के सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेव मंदिर में भी होली की धूम रही। सुबह से ही स्थानीय और दूर–दराज से आये श्रद्धालुओं ने दर्शन–पूजन कर होली खेली। मंदिर में होली खेलने की यह परम्परा खासी पुरानी है। वहीं चित्रकूट, अम्बेडकरनगर और श्रावस्ती सहित विभिन्न जिलों में रंगोत्सव मनाये जाने की खबर है। प्रदेश भर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन ने कड़े बन्दोबस्त किये हैं।

——————————

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के बाद होली मनाने की शुरूआत की। इस दौरान साधू–संतों के साथ श्री यागी ने फाग गीतों का आनंद लिया। बाद में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और श्री होलिका उत्सव समिति की तरफ से निकाली गई भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभा यात्रा में शामिल हुए।

इस मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए श्रो योगी ने कहा कि सनातन धर्म जैसे पर्व–त्योहार की समृद्ध परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती। बाइट.

*पर्व और त्यौहारों की ऐसी परंपरा दुनिया के पास किसीभी अन्य देश में किसी भी अन्य जाति मध्य मजहब के पास नहीं जितनी समृद्ध परंपरा सनातन धर्म के पास है। सनातन धर्म की ताकत ही हमारी आत्मा है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली पर्व एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अगर देश अखंड रहेगा तो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना जरूर साकार होगी।

---------

धर्मगुरू और लखनऊ में ऐशबाग ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फरंगी महली ने जुमा की नमाज़ और होली का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न होने पर खुशी व्यक्त की है। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि प्रदेश भर की मस्जिद कमेटियों ने इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की एडवाइजरी का मानते हुए जुमे की नमाज का वक़्त बढ़ा दिया था। उन्होंन कहा कि जिस तरह से दोनों त्योहार शांति से मनाए गए हैं इससे एकता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा।

---------

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---------

होली का पर्व मनाकर अपने–अपने गंतव्य को वापस जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष प्रबंध किये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस क्रम में मंडल मुख्यालय पर एक वार रूम बनाया गया है जो 24 घंटे संचालित रहेगा। बाइट...

*लखनऊ डिवीजन में एक कंट्रोल ऑफिस होता है राउंड थे क्लॉक तीनों शिफ्ट में दस दिनके लिए एक गैजेटेड ऑफिसर वहाँ बैठेगा जो की ओन थे स्पॉट को डिसीजन लेना है वो लेकर के उसको सॉर्ट आउट करेगा। हमने तीन और स्टेशन आइडेंटिफाई किए है गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ जंक्शन तीनों पे राउंड थे क्लॉक एक सेपरेट अधिकारी अलग अलग तीनों पर बैठेगा जिसका काम कमर्शियल, आरपीएफ मेनली यही दो होते हैं। लेकिन अगर कुछ और भी पैसेंजर एमेनिटीज संबंधी दिक्कतें हैं तीनों शिफ्ट में दस दिन के लिए बैठ के उसको सॉर्ट आउट करेंगे।*

———————

केन्द्र सरकार ने विश्व दृश्य–श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स 2025 के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। कल नई दिल्ली में वेव्स–2025 पर एक उच्चस्तरीय सत्र को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली मई से 4 मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा। आईआईसीटी बनाने के लिए 391 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के इस सत्र का उद्देश्य वेव्स 2025 से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था। इस अवसर पर विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि वेव्स मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए चर्चा, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा।

---------

प्रदेश में अलग–अलग हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। अयोध्या जिले के हैदरगंज इलाके के पारारामपुर गांव के पास आज एक तेज रफ्तार कार ने मोटर बाइक सवार चार युवकों को सामने से टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखचे उड़ गये। जिसके नतीजे में चारों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उधर मिर्जापुर जिले के लालगंज इलाके में मोटर बाइक की आमने–सामने टक्कर में जहां तीन लोगों की मौत हो गई वहीं लालीमाटी गांव में डिवाइडर से टकराकर एक युवक की मौत हो गई।

---------

भारत ने दिल्ली में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रॉ–प्री 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 स्वर्ण, 40 रजत और 49 कांस्य सहित कुल 134 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। भारतीय एथलीट्स ने ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में असाधारण प्रदर्शन किया।

पुरुष शॉटपुट में भारत ने सभी पदक अपने नाम किए। भारत के सागर ने 11 दशमलव चार–सात मीटर तक गोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जंका सिंह ने रजत और बालाजी राजेन्द्रन ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की 200 मीटर दौड में भारत के विनय ने रजत और अभिषेक बाबा साहिब जाधव ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में भारत की प्रीति पाल ने कांस्य पदक जीता।

—————————